दिनांक 23.06.2024
प्रेस विज्ञप्ति 28/2024

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

जनपद मऊ/थाना कोतवाली

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 22.06.2024 की रात्रि थाना कोतवाली व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर किन्नूपुर रेलवे अण्डरपास के पास बदमाश की घेराबन्दी की गई तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त अभिमन्यू उर्फ मन्नू घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद मऊ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 13 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–अभिमन्यू उर्फ मन्नू निवासी हनुमान नगर थाना कोतवाली जनपद मऊ।

बरामदगी

1–01 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस।

एएनटीएफ/आपरेशनल यूनिट आगरा

- **02 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार**
- **लगभग 02 करोड़ 20 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 किलो 100 ग्राम अवैध स्मैक**
- **नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 23.06.2024 को एएनटीएफ आपरेशनल यूनिट आगरा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर जीआईसी मैदान के पास से 02 मादक पदार्थ तस्करों 1–मो0इमरान उर्फ जावेद 2–शेखू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 02 करोड़ 20 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 किलो 100 ग्राम अवैध स्मैक, नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन, 01 मोटर साइकिल बरामद हुई।

इस सम्बन्ध में थाना लोहामण्डी कमिश्नरेट आगरा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–मो0इमरान उर्फ जावेद निवासी छप्परवाली गली बड्डूनगर थाना कोतवाली जनपद कासगंज।

2–शेखू निवासी छप्परवाली गली बड्डूनगर थाना कोतवाली जनपद कासगंज।

बरामदगी

1–लगभग 02 करोड़ 20 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 किलो 100 ग्राम अवैध स्मैक।

2–नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन।

3–01 मोटर साइकिल।

जनपद मथुरा/थाना नौहझील

- **04 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार**
- **17 कुन्तल 51 किलोग्राम अवैध भांग**
- **02 पिकअप वाहन आदि बरामद**

दिनांक 22.06.2024 को थाना नौहझील पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर दौलतपुर रोड ग्राम छिनपारई के पास से 04 मादक पदार्थ तस्करों 1–भरत 2–कन्हैया उर्फ कलुआ 3–हर्ष 4–देवेन्द्र को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 17 कुन्तल 51 किलोग्राम अवैध भांग, 02 पिकअप वाहन आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना नौहझील पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–भरत निवासी सी–147 बीएसए रोड ज्योतिनगर थाना कोतवाली जनपद मथुरा।

2–कन्हैया उर्फ कलुआ निवासी सेई थाना शेरगढ़ जनपद मथुरा।

3–हर्ष निवासी राधिका विहार फेस–2 थाना हाईवे जनपद मथुरा।

4–देवेन्द्र निवासी सेई थाना शेरगढ जनपद मथुरा।

बरामदगी

1–17 कुन्तल 51 किलोग्राम अवैध भांग।

2–02 पिकअप वाहन आदि।

———–